हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 17 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 38 .4 डिग्री
न्यूनतम 24 .2 डिग्री

12 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मांगों को पूरा करे सरकार : रामफल

12 ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का कर्मचारी यूनियन ने किया विरोध


## खबर संक्षेप

### गायत्री परिवार की संस्कार शाला में गोष्ठी का आयोजन

**हिसार।** कैमरी रोड पर स्थित अखिल गायत्री शक्तिपीठ एवं संस्कारशाला में कुरुक्षेत्र जोन से पहुंचे देवता प्रसाद शर्मा व केडी शर्मा के सानिध्य में हवन यज्ञ व गोष्टी का आयोजन किया गया जबकि ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी डॉ. महिपाल मुंजाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र जोन के देवता प्रसाद शर्मा व केडी शर्मा ने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म है।

### सदलपुर का बेटा अमेरिका में बना असिस्टेंट प्रोफेसर

आदमपुर। गांव सदलपुर के बेटे व शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र ने अपनी मेहनत के दम पर क्षेत्र का नाम अमेरिका तक गौरवांवित किया है। विद्यालय के पूर्व छात्र गांव सदलपुर निवासी नवदीप गोदारा ने डॉक्टर आफ फिलासफी (पीएचडी) की पढ़ाई पूर्ण कर अमेरिका की प्रतिष्ठित नार्थ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी में सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति प्राप्त की है।

### निगम आज जिंदल अस्पताल रोड से हटाएगा कब्जे

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त के निर्देशानुसार शहर से अतिक्रमण हटाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। सोमवार को रेलवे स्टेशन के सामने से अतिक्रमण हटाने की शुरूआत की गई। परिजात चौक के नजदीक बीएसएनएल एक्सचेंज के बाहर और रेड स्क्वेयर मार्केट जिन्दल चौक पर अतिक्रमण हटवाया।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** थाना अग्रोहा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना अग्रोहा पुलिस टीम ने वार्ड नंबर 19, बरवाला निवासी मोनू को अग्रोहा क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है।

### चश्मा बेचने को लेकर हुए झगड़े में दो गिरफ्तार

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने लघु सचिवालय परिसर में सस्ते चश्मे बेचने को लेकर हुए झगड़े में भट्टू कलां निवासी मोहन लाल पर हमला करने के मामले में दो नामजद आरोपियों साहब सिंह व उसके बेटे हरजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एएसआई जसवीर ने बताया कि शिकायतकर्ता मोहन लाल ने थाना सिविल लाइन में शिकायत दी थी कि वह लघु सचिवालय में एसबीआई शाखा के पास चश्मे बेचता है। शिकायत के अनुसार 12 जून को साहब सिंह ने मोहन लाल को चेतावनी दी कि वह दोबारा वहां न आए और सस्ते दामों पर चश्मे न बेचें। जब शिकायतकर्ता ने विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उसे चोटें पहुंचाईं।

### टावर लगाने को लेकर हमले कमें दो गिरफ्तार

**बरवाला।** पुलिस ने मोबाइल टावर लगाने को लेकर हुए जानलेवा हमले के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए बरवाला निवासी दो नामजद आरोपियों सौरभ और विजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में देवीगढ़ पूनिया निवासी बलविंदर सिंह ने थाना बरवाला में शिकायत दी थी।

### धोखाधड़ी के आरोपी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित

**हांसी।** फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर हांसी पुलिस विशेष अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में सोमवार को शहर थाना में 17 मार्च 2023 को धारा 384, 406, 420, 506, 34 आईपीसी के तहत दर्ज मुकदमा नंबर 170 में वांछित आरोपी उत्तर प्रदेश के जिला शाहजहांपुर के गांव राजपुर नगला निवासी राजू पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित

## हकृवि में स्कॉलरशिप नीति में बदलाव और छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में छात्र आंदोलन जारी

# आंदोलनकारी छात्रों ने पत्र लिखकर राष्ट्रपति से जीवन समाप्ति की अनुमति मांगी

*बोले, प्रोफेसरों के लाठियों से मरने से बेहतर है कि हम स्वयं अपने प्राण त्याग दें*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्कॉलरशिप नीति में बदलाव और छात्रों पर किए गए लाठीचार्ज के विरोध में छात्र आंदोलन सोमवार को सातवें दिन भी जारी रहा। इसी बीच छात्रों ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर मृत्यु की इजाजत मांगी है। उधर, विभिन्न संगठनों द्वारा छात्र आंदोलन को समर्थन दिए जाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसके साथ ही छात्रों ने परीक्षाओं को बहिष्कार भी जारी रखा। हालांकि कुछ छात्रों ने कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा भी दी। आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय में 1700 विद्यार्थियों में से मात्र 13 छात्रों ने परीक्षा दी। इन 13 में से 9 विदेशी छात्र, 3 अन्य राज्यों के छात्र और एक विश्वविद्यालय कर्मचारी का बेटा था। उधर, विवि प्रशासन का दावा है कि सोमवार को 350 छात्रों की परीक्षा थी और 50 से अधिक विद्यार्थियों ने एग्जाम दिया। छात्रों का यह भी आरोप है कि विवि प्रशासन ने पुलिस को लेकर हॉस्टल में घुसा और विद्यार्थियों पर परीक्षा देने के लिए दबाव बनाया। उधर, सोमवार को कुलपति का पुतला भी फूंका गया।



**हिसार।** आंदोलन के समर्थन में हस्ताक्षर करते युवा। *फोटो : हरिभूमि*

### छात्रों की राष्ट्रपति से भावुक अपील

आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि विवि प्रशासन के नकारात्मक रवैए के चलते स्थिति की गंभीरता अब उस स्तर तक पहुंच चुकी है, जहां छात्रों ने महामहिम राष्ट्रपति से जीवन समाप्त करने की अनुमति मांगने तक का कदम उठा लिया है। सैकड़ों छात्रों ने एक भावुक पत्र के माध्यम से बताया कि वे सात दिनों से शांतिपूर्वक विरोध कर रहे हैं, लेकिन उन्हें लगातार डराया-धमकाया जा रहा है। उनके घावों पर मरहम लगाने के बजाय प्रशासन झूठे बयान देकर उनकी पीड़ा को नकार रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में घुसकर मारा गया, मेडिकल रिपोर्ट तक से छेड़छाड़ की गई और अब परीक्षा को हथियार बनाकर आंदोलन को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

### शांतिपूर्णक परीक्षा संपन्न : विवि प्रशासन

जिला प्रशासन की देखरेख में सोमवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में परीक्षाएं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। विवि प्रशासन का आरोप है कि स्ट्राइक कर रहे छात्रों द्वारा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से परीक्षा में बाधा डालने की भी कोशिश की गई। सोमवार को करीब 350 विद्यार्थियों की परीक्षा थी और 50 से अधिक छात्र एवं छात्राएं परीक्षा देने के लिए आए। इसके अलावा 100 से अधिक एमएससी और पीएचडी छात्रों ने अपने विभाग में आकर अपनी हाजिरी लगाई और अपने रिसर्च से संबंधित कार्य किए। ज्ञात रहे कि आज सभी विद्यार्थियों की परीक्षा नहीं थी।



**हिसार।** कुलपति के पुतले का दहन करते छात्र व संगठनों के प्रतिनिधि व धरने स्थल पर पुतले को पहनाई गई जूतों की माला।

### शांतिपूर्वक धरने पर बैठे छात्रों को धमकाने को आरोप

इस आंदोलन की शुरुआत विश्वविद्यालय प्रशासन की छात्रविरोधी नीतियों और विद्यार्थियों पर हुए बर्बर हमले के विरोध से हुई थी। आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि वे सात दिनों से लगातार शांतिपूर्वक धरने पर बैठे हैं, परंतु प्रशासन द्वारा न तो संवाद की कोई कोशिश की गई और न ही किसी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई हुई। इसके विपरीत, छात्रों को डराने-धमकाने, गिरफ्तार करने और मानसिक दबाव डालने की कोशिशें लगातार जारी हैं।

### छात्रों ने कुलपति का फूंका पुतला, निकाली शव यात्रा

सोमवार को छात्रों ने कुलपति का पुतला फूंका और विश्वविद्यालय परिसर में शव यात्रा निकालकर प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। यह शव यात्रा प्रशासन की संवेदनहीनता, छात्र विरोधी रवैये और लोकतांत्रिक मूल्यों के उल्लंघन के प्रतीक रूप में निकाली गई। छात्रों का कहना है कि यदि अब भी प्रशासन नहीं जागा, तो आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाया जाएगा।

### किसी भी छात्र को परीक्षा देने से न रोका जाएं: डॉ. गर्ग

विश्वविद्यालय द्वारा आंदोलनरत छात्रों के समाधान के लिए गठित की गई कमेटी के अध्यक्ष व अनुसंधान निदेशक डॉ राजबीर गर्ग ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन आंदोलन कर रहे छात्रों से एक बार पुनः अनुरोध करता है कि मंगलवार होने वाली परीक्षा में शामिल हों और स्ट्राइक पर बैठे छात्रों को आगाह भी करता हैं कि किसी भी छात्र को परीक्षा देने से न रोका जाएं। परीक्षा देना छात्रों का मौलिक अधिकार है उनको जबरदस्ती रोकना गैर कानूनी है।

### इन्होंने दिया समर्थन

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के सैकड़ों कार्यकर्ता विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के समर्थन में पहुंचे। समिति के राज्य सचिव संदीप सिवाच, राज्य प्रधान मनदीप सिंह नथवान, और जिला प्रधान सतीश बेनीवाल ने छात्रों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर धरने में भाग लिया और प्रशासन की तीव्र निंदा की। लाठीचार्ज किए जाने के विरोध में क्षेत्र की कई खापें सोमवार को धरनास्थल पर पहुंची और छात्रों की सभी मांगों को उचित बताते हुए अपना समर्थन दिया।

### वीसी की जवाबदेही हो तय : हुड्डा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एक बयान में कहा है कि जिस तरह जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों पर लाठियां बरसाई गईं, वह नाकाबिले बर्दाश्त है। इस पूरे मामले में लाठी बरसाने वाले स्टाफ के साथ-साथ वाइस चांसलर की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। हुड्डा ने कहा कि छात्रवृत्ति कटौती के विरोध में शांतिपूर्ण धरना दे रहे छात्रों की मांगों को कांग्रेस पूर्ण समर्थन देती है। अपनी मांगों के लिए आवाज उठाना छात्रों का अधिकार है।

# आर्य समाज सबसे उत्तम संगठन

- गुरुकुल कुम्भाखेड़ा के संचालक आचार्य आत्मप्रकाश आर्य ने व्यायाम प्रशिक्षण एवं चरित्र निर्माण शिविर के उद्घाटन पर शिविरार्थियों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरुकुल कुम्भाखेड़ा के संचालक आचार्य आत्मप्रकाश आर्य ने कहा कि केवल आर्य समाज और उसका युवा संगठन आर्यवीर दल ही युवाओं को सही दिशा में आगे ले सकता है। वैदिक विचारधारा पर चलकर ही हम अपने जीवन को श्रेष्ठ बना सकते है। वे आर्य महासभा गुरुकुल विद्यापीठ कुम्भाखेड़ा द्वारा आयोजित व्यायाम प्रशिक्षण एवं चरित्र निर्माण शिविर के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित शिविरार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज के वातावरण में जब युवा को पथभ्रष्ट करने के सभी साधन मौजूद हैं। ऐसे समय में अगर युवा को कोई बचा सकता है तो वह केवल और केवल आर्यसमाज है। आर्य समाज विश्व का सबसे उत्तम संगठन है। आर्य समाज और आर्य वीर दल युवाओं के निर्माण का पावन एवं पवित्र कार्य कर रहा है। शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर कुम्भाखेड़ा के सरपंच विनोद जागलान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरुकुल कुम्भाखेड़ा गांव की पहचान व शान है।


**हिसार।** हवन में आहुति डालते गणमान्य लोग। *फोटो : हरिभूमि*

# जिओ फेंसिंग हाजिरी के विरोध में प्रदर्शन

- स्वास्थ्य विभाग तालमेल कमेटी ने सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन
- कर्मचारियों के निजता के अधिकारों का हनन और साइबर क्राइम का खतरा बढ़ेगा : कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों और समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों को लोकेशन आधारित जिओ फेंसिंग हाजिरी लगाने के लिए बाध्य करने वाले निर्णय के खिलाफ सोमवार को स्वास्थ्य विभाग तालमेल कमेटी के नेतृत्व में अतिरिक्त मुख्य सचिव और महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाओं के नाम सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत को ज्ञापन सौंपकर रोष जताया। कमेटी के संयोजक एमपीएचडब्ल्यू नूर मोहमद, हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन की जिला प्रधान डॉ अनामिका बिश्नोई, डेंटल सर्जन के प्रधान डॉ. रवि चौहान, बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के जिला प्रधान विकास संदलाना, एसोसिएशन गवर्नमेंट फॉर्मेसी ऑफिसर के जिला प्रधान विनोद दलाल, नर्सिंग ऑफिसर के जिला सचिव आत्मा राम, रेडियोलॉजी से मायावती और लेबोरेट्री टेक्निकल ऑफिसर के प्रधान राकेश कुमार ने कहा कि लोकेशन आधारित जिओ फेंसिंग हाजिरी प्रणाली नागरिकों के भारतीय संविधान में वर्णित निजता के अधिकारों पर सीधा हमला होगा वहीं पर देश के माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों का भी उल्लंघन होगा। इसके अलावा अधिकारी और कर्मचारियों के लिए साइबर क्राइम का अंदेशा बढ़ जाएगा। नकिसी भी प्रकार का डेटा हैक किया जा सकता है।


**हिसार।** जिओ फेंसिंग हाजिरी प्रणाली के विरोध में सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष रोष व्यक्त करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी।

### लेंगे निर्णायक फैसला

उन्होंने बताया कि विभाग में कार्यरत तमाम अधिकारी और कर्मचारी पहले ही बायोमेट्रिक आधारित अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं तो जिओ फेंसिंग आधारित हाजिरी प्रणाली के तहत दर्ज करवाने का कोई औचित्य नहीं बनता। इस तरह के व्यवहारिक और गैर कानूनी आदेश तुरंत निरस्त किए जाएं अन्यथा विभाग का प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी लामबंद होकर उक्त फैसले के विरोध में बड़ा निर्णायक फैसला लेने को बाध्य होंगे।


**हांसी।** प्रदर्शन कर रहे लोगों के सामने कार्यकारी अभियंता से बातचीत करते विधायक विनोद भयाना। *फोटो : हरिभूमि*

# बिजली कटौती को लेकर आधी रात को विधायक का घर घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

भीषण गर्मी और अघोषित बिजली कटों से परेशान मंडी सैनियान के लोगों ने रविवार देर रात विधायक विनोद भयाना के घर के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में काफी संख्या में कॉलोनी की महिलाएं भी शामिल थीं। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने अघोषित बिजली कटौती को लेकर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने विधायक को खरी-खोटी भी सुनाई और क्षेत्र की बदहाल बिजली व्यवस्था पर सवाल उठाए। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने कहा कि उनकी कॉलोनी में पिछले कई दिनों से बार बार अघोषित बिजली कट लग रहे है, जिससे बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों का स्वास्थ्य और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है। लोगों ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में 10-12 घंटे की बिजली कटौती झेलना मुश्किल होता जा रहा है। लोगों द्वारा घर के बाहर प्रदर्शन किए जाने की सूचना मिलते ही विधायक विनोद भयाना बाहर आए और लोगों को शांत करने की कोशिश की। उन्होंने मौके पर ही बिजली निगम के एक्सईएन को फोन कर फटकार लगाई और तुरंत बिजली बहाल करने के निर्देश दिए। विधायक ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को आश्वासन दिया कि क्षेत्र में जल्द स्थायी समाधान के लिए उच्च अधिकारियों से बैठक करेंगे। वहीं आधी रात को लोगों की नारेबाजी से नाराज विधायक ने बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता की लोगों के सामने फोन पर क्लास लगा दी। उन्होंने कार्यकारी अभियंता को फोन पर कहा कि तुम ठीक से काम कर सकते हो तो करो, नहीं तो कोई दूसरा स्टेशन ढूंढ लो। उन्होंने कहा आश्वासन दिया कि यदि थोड़ी देर में लाइट नहीं आई तो वह खुद लोगों के साथ चलेंगे और बिजली अधिकारियों की खबर लेंगे। इसके बाद लोग शांत हुए।

# अवैध कॉलोनियों पर जिला नगर योजनाकार की सख्ती

- *32 एकड़ भूमि पर बेचे जा रहे प्लॉट गैरकानूनी, विभाग ने दी चेतावनी*

**हिसार।** जिला नगर योजनाकार कार्यालय द्वारा आमजन को सचेत किया कि मिर्जापुर रोड पर स्थित राजस्व संपदा मिर्जापुर की लगभग 32 एकड़ भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी काटी जा रही है तथा प्लॉट बेचे जा रहे हैं। इस भूमि पर तैयार किए गए ले-आउट प्लान को रेरा अप्रूव्ड बताकर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता में यह कॉलोनी पूरी तरह से अवैध है। जिला नगर योजनाकार दिनेश कुमार ने बताया कि उक्त भूमि पर विकसित की जा रही कॉलोनी को न तो नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा, चंडीगढ़ से लाइसेंस प्राप्त है और न ही इसे शहरी क्षेत्र अधिनियम 1975 के अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त है। इस स्थिति में वहां कोई भी कॉलोनी बसाना या प्लॉट बेचना नियमों के विरुद्ध और दंडनीय है। उन्होंने बताया कि विभाग अवैध कॉलोनियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है और भविष्य में भी यह अभियान पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा। साथ ही, आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे ऐसी अनधिकृत कॉलोनियों में कोई प्लॉट न खरीदें और न ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करें।

# गाली गलौज करने से रोकने पर चचेरे भाइयों के बीच मारपीट, एक घायल

**हांसी।** प्रेम नगर गांव में रविवार को घर के बाहर गाली गलौज कर रहे अपने चचेरे भाई को रोकना उस वक्त महंगा पड़ गया जब गाली दे रहे युवक ने अपने चचेरे भाई पर गली में पड़ी ईंट से हमला कर घायल कर दिया उसके नाक व मुंह पर चोटें आई हैं। घायल युवक प्रेम नगर निवासी सुरेंद्र को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दिए बयान में सुरेन्द्र ने बताया कि रविवार को वह अपने घर पर था कि करीब 11:30 बजे उनके ताऊ का लड़का बबलू अचानक घर के बाहर खड़ा हो कर गाली-गलौज करने लगा। जब मैंने उसके द्वारा की जा रही गाली गलौज का विरोध किया तो बबलू ने उसका रास्ता रोक गली में पड़ी ईंट उठाकर उसके मुंह पर दे मारी। जिससे उसके अगले दांत टूट गए और मुंह से खून बहने लगा। सुरेन्द्र ने बताया कि उसके द्वारा शोर मचाए जाने पर उसके भाई की पत्नी ममता मौके पर पहुंची और उसने मुझे बबलु के चंगुल से छुड़ाया। सुरेन्द्र ने बताया कि उसके बबलू मौके से फरार हो गया लेकिन जाते हुए उसने दोबारा सामने आने पर उसे जान से मारने की धमकी दी।

## बाल-बाल बचे वेटिंग रूम में बैठे दो पार्षद, ईओ ने दिया जांच का आश्वासन

# नगर परिषद के वेटिंग रूम की फॉल्स सीलिंग गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

नगर परिषद कार्यालय में पार्षदों के लिए बने वेटिंग रूम में सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जब नगर परिषद चेयरमैन के साथ लगते कमरे में लगी फॉल सीलिंग अचानक से नीचे आ गिरी गई। हादसे के वक्त वार्ड 23 के पार्षद आशीष उर्फ पिंकू और वार्ड 8 के पार्षद कुक्कू सरदार वेटिंग रूम में मौजूद थे। लेकिन गनीमत रही कि फॉल सिलिंग के चपेट में आने से बाल बाल बच गए। नगर परिषद में हुए हादसे के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। और नगर पार्षदों ने नगर परिषद की लापरवाही पर नाराजगी जताई और नगर परिषद भवन की जर्जर हालत पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगर फॉल सीलिंग गिरने से कोई बड़ा हादसा हो जाता, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता। घटना के बाद अन्य पार्षदों ने भी भवन की मरम्मत और सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।


**हांसी।** कमरे में गिरी फॉल सीलिंग को देखते पार्षद कुक्कू सरदार। *फोटो : हरिभूमि*

### काम के गारंटी की होगी जांचः ईओ

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुरेश चौहान ने कहा कि फॉल सीलिंग करने की घटना की हम जल्द ही जांच करेंगे। इसका टैंडर कब लगाया गया तथा यह फॉल सीलिंग किस ठेकेदार द्वारा लगाई गई थी। रिकॉर्ड में देखेंगे कि काम की गारंटी कब तक की थी। अगर लापरवाही पाई गई, तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पार्षदों ने जताई नाराजगी

मामले की जानकारी देते हुए पार्षद आशीष ने बताया कि यह कमरा हम सभी पार्षदों के बैठने के लिए बनाया गया और नगर परिषद में अपने वार्ड के कार्यों के लिए आते हैं तो पार्षद यहां बैठ जाते हैं। और सोमवार सुबह वह और पार्षद कुक्कू सरदार कमरे में घुसे तो अचानक से कमरे में लगी फॉल सीलिंग धड़ाम से नीचे आ गिरी और वे दोनों बड़ी मुश्किल से अपने आपको को बचा पाए। पार्षद आशीष ने बताया कि करीब एक साल पहले ही इस कमरे की फॉल सीलिंग करवाई गई थी। यह फॉल सीलिंग भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। वहीं पार्षद कुक्कू सरदार ने आरोप लगाया कि नगर परिषद की कमीशन खोरी का एक और मामला उजागर हो गया। उन्होंने कहा कि यदि फॉल सीलिंग लगवाने में कमीशन खोरी का खेल नहीं हुआ होता तो यह हादसा नहीं हुआ होता।





विशेष : विश्व संगीत दिवस 21 जून

# संगीत जीवन में देता है शांति-सुकून

संगीत हमारे जीवन में कितना उपयोगी है, यह कम ही लोग समझते हैं। महिलाओं के जीवन में तो संगीत और भी ज्यादा महत्व रखता है। वे घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारी निभाते हुए तनाव से घिरी रहती हैं। ऐसे में सुमधुर संगीत सुनना, उन्हें एक सुकून देता है। संगीत हमारे भीतर हैप्पी हार्मोंस बढ़ाकर, हमारी हीलिंग करके अंत:शक्ति बढ़ाता है। तो संगीत से जुड़िए, स्वस्थ रहिए और अपनी जिंदगी को खुशियों से भरिए।

आवरण कथा

मीता पंडित, शास्त्रीय गायिका

संगीत केवल कला ही नहीं, जीवनशैली भी है। यह एक ऐसी जीवनधारा है, जो व्यक्ति को भीतर से संवारती है। यह जो भीतर से संवारना है, यह बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर महिलाओं के जीवन में। हम इस बात को समझें कि जब जीवन में संगीत प्रवेश करता है तो यह केवल स्वर या सुर-ताल का सौंदर्य नहीं होता, यह हमारे मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य और आत्मबल यानी जीवन का मूलाधार है, उसे बैलेंस करता है। इससे जीवन में संतुलन का स्रोत बन जाता है। ऐसा बहुत-सी महिलाओं में होते हुए देखा जा सकता है।

**हीलिंग का माध्यम:** आज के दौर में जब महिलाएं घर और बाहर की जिम्मेदारियों के चलते मानसिक तनाव, दबाव और शारीरिक असंतुलनों से त्रस्त हैं, प्रभावित हैं, ऐसे में संगीत उनके लिए हीलिंग का एक सशक्त माध्यम है। इस तरह संगीत जीवन में औषधि की तरह काम करता है। संगीत का हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। यह बात विशेष रूप से महिलाओं के संदर्भ में इसलिए कही जा सकती है, क्योंकि महिलाओं को कई तरह की हार्मोनल समस्याओं से भी जूझना पड़ता है। आज जिस प्रकार की महिलाओं की जीवनशैली है, उसमें इतनी सारी कृत्रिमताएं हैं, खान-पान में मिलावट है, लाइफस्टाइल बिगड़ा हुआ है। वे जॉब कर रही हैं और घर भी संभाल रही हैं। दोनों ही जिम्मेदारियों में खुद को श्रेष्ठ भी साबित करना चाहती हैं। यह दोहरी जिम्मेदारी महिलाओं को बहुत ज्यादा तनाव में डाल देती है। ऐसे में संगीत को यदि आप अपने जीवन में शामिल करती हैं तो यह आपको तनाव और चिंताओं से राहत देगा।

**पैदा होते हैं हैप्पी हार्मोंस:** गायन, वादन और रियाज के दौरान हमारे मस्तिष्क में कई हैप्पी हार्मोंस पैदा होते हैं। जैसा डॉक्टर्स भी बताते हैं कि हैप्पी हार्मोंस (जैसे- डोपामाइन, सेरोटोनिन, एंडोर्फिन और ऑक्सीटोसिन) चिंता, तनाव, अवसाद को कम करने के साथ खुशी, संतुष्टि और सकारात्मक सोच को बढ़ाने में मदद करते हैं। यह बड़ी महत्वपूर्ण बात है। इसके अलावा संगीत मन को हल्का महसूस कराता है। इस पर कई शोध हो चुके हैं कि संगीत का अभ्यास करने से एकाग्रता बढ़ती है। यह मन को स्थिर करता है। यह संगीत की अद्भुत क्षमता है। इसलिए चाहे घरेलू-कामकाजी महिलाएं हों या फिर स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली लड़कियां, संगीत सभी के लिए बहुत लाभकारी है।



**बढ़ता है आत्मिक संतुलन:** संगीत, भावनात्मक संतुलन बनाता है, साथ ही एक्सप्रेशन का माध्यम भी है। सुरों के माध्यम से जब महिलाएं अपनी भावनाओं को अभिव्यक्ति देती हैं, उससे उनका आत्मिक संतुलन बढ़ता है। संगीत का शरीर पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। संगीत के नियमित अभ्यास से श्वसन प्रणाली बेहतर काम करती है। जब आप लंबी सांस लेते हैं, नियंत्रित श्वास लेते हैं या पेट की गहराई से सांस लेते हैं (ये सभी गायकों/संगीतकारों द्वारा की जाने वाली एक्सरसाइज हैं) तो इससे फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है, इससे शरीर में ऑक्सीजन का बेहतर संचार होता है।



**नींद में सुधार:** आज बहुत सारे लोग अनिद्रा के शिकार हैं। इस समस्या में भी संगीत लाभकारी है, क्योंकि इससे नींद में भी सुधार होता है। मेरा खुद का अनुभव है, जब मैं रात को लाइट बंद कर रियाज करती हूं, इसके बाद सोती हूं तो मुझे बहुत अच्छी नींद आती है। नींद की गुणवत्ता (जिसे कहते हैं साउंड स्लीप) भी बहुत बढ़ जाती है। संगीत से अनिद्रा, बेचैनी, मानसिक थकान जैसी कई समस्याएं दूर हो जाती हैं। यह शरीर में होने वाले दर्द में भी राहत देता है।

**टीमवर्क की भावना और क्षमता का विकास:** जब आप मंच पर गायन/संगीत प्रस्तुत करती हैं तो यह आपको आत्माभिव्यक्ति के साथ ही सार्वजनिक पहचान भी देता है। सार्वजनिक पहचान से आत्मविश्वास बढ़ता है, क्योंकि आप वाद्ययंत्रों के साथ संगीत प्रस्तुत करती हैं, इसलिए इससे टीमवर्क की भावना और क्षमता का विकास होता है। सबको साथ लेकर चलने की क्षमता बढ़ती है। संगीत कलात्मक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है।

**जरूरी नहीं संगीत की विधिवत शिक्षा लें:** संगीत से जुड़ने के लिए जरूरी नहीं कि आप विधिवत संगीत की शिक्षा ही लें। आप यह लाभ संगीत सुनकर भी ले सकती हैं। संगीत सुनकर आनंद महसूस कर सकती हैं। काम करते-करते साथ में गाने भी गा सकती हैं। अगर आप रोज कुछ समय अपने पसंदीदा गाने और संगीत या कोई वाद्ययंत्र सुनेंगी तो यह बहुत फायदा देगा। आप कुछ भी सुनें, शास्त्रीय संगीत, भजन, सूफी गाने, लोरी, लोकसंगीत, उससे मन को बहुत शांति मिलती है, क्योंकि संगीत मन को छू जाता है।

**कभी भी सुन सकती हैं संगीत:** संगीत सुनने के लिए आपको अलग से समय निकालने की जरूरत भी नहीं होती। आप कोई भी घरेलू काम चाहे साफ-सफाई हो, खाना बनाना या कपड़े धोना, कुछ भी करते हुए संगीत सुन सकती हैं। आप रेडियो पर गाने सुनते-सुनते काम कर सकती हैं। इससे काम की थकान महसूस नहीं होगी। जब आप योग और ध्यान लगाती हैं, उस समय भी मंत्र और श्लोक वाले आध्यात्मिक संगीत का लाभ ले सकती हैं। साथ में उच्चारण कर सकती हैं। छोटे बच्चों को सुलाते समय कोई लोरी सुना सकती हैं, बच्चे जल्दी सो जाएंगे। यू-ट्यूब, रेडियो के साथ ही अब कई म्यूजिक एप्स भी आ गए हैं, जहां अच्छा संगीत सुना जा सकता है।

**जीवन में संगीत को जरूर शामिल करें:** अगर आप अच्छा नहीं गा पातीं तो कोई फर्क नहीं पड़ता, बस आप गाने के साथ गुनगुनाइए। साथ ही हमारे जो लोकपर्व और सामाजिक-पारिवारिक आयोजन होते हैं, उसमें लोकगीत गाएं। आपको बहुत अच्छा महसूस होगा। विवाह संगीत में शामिल हों। तीज, करवाचौथ, जागरण, माता की चौकी या ऐसे ही जो समय-समय पर पर्व आते हैं, उसके गीत-संगीत कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लें। यह मन को शांति महसूस कराता है। संगीत का लाभ सुनकर भी लिया जा सकता है। जीवन में संगीत को किसी न किसी रूप में शामिल जरूर करें। इससे जीवन में परिवर्तन, शांति और सुकून आप खुद महसूस करेंगी।

प्रस्तुति: रेणु खंतवाल

हर किसी का मुस्कुराता हुआ चेहरा बहुत प्यारा लगता है। इससे सिर्फ हमें ही नहीं हमारे संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति को बहुत अच्छा महसूस होता है। मुस्कुराने के और फायदों के बारे में जानकर आप मुस्कुराए बिना नहीं रह पाएंगी।

# मुस्कुराइए जिंदगी हो जाएगी खुशनुमा

लाइफस्टाइल

शिखर चंद जैन

दुनिया भर के विद्वानों, मनोवैज्ञानिकों, डॉक्टरों और महापुरुषों ने मुस्कुराहट की महिमा का बखान किया है। हर रोज सुबह उठकर आईने में देखते हुए मुस्कुराने की आदत डालें, आपका दिन खुशगवार गुजरेगा। यही नहीं अनेक शोध भी मुस्कुराने के तमाम फायदों को प्रमाणित करते हैं।

**स्ट्रेस होता है कम:** कई शोधों में प्रमाणित हो चुका है कि मुस्कुराने से स्ट्रेस कम होता है, उम्र कम दिखती है, बीमारियों की आशंका कम होती है और उम्र बढ़ती है। बड़ी-बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां, स्कूल और अन्य संस्थान इन दिनों अपने ग्राहकों, कर्मचारियों और छात्रों को मुस्कुराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। हाल ही में चीन में एक फेमस फूडचेन ने अपने ग्राहकों को एक बार की खरीदारी के भुगतान के रूप में सिर्फ मुस्कुराने को कहा। कुछ समय पहले 'यूनिवर्सिटी ऑफ कंसास' के अनुसंधानकर्ताओं ने अपनी एक स्टडी में पाया कि मुस्कुराने से हमारा शरीर किसी भी स्ट्रेस के प्रति कम प्रतिक्रिया देता है और स्ट्रेसफुल टाइम में हार्ट रेट सही रखता है।



**पॉजिटिव इफेक्ट:** एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि मुस्कुराने से बीपी सही रहता है, आयु लंबी होती है। 'दी एस्टोनिशिंग पावर्स ऑफ अ सिंपल एक्ट' की लेखिका रौन गटमैन कहती हैं, 'एक सच्ची मुस्कान आपके ब्रेन में ठीक वैसा ही स्टिमुलेशन उत्पन्न कर सकती है, जैसा 2000 चॉकलेट खाने पर होता है।' स्माइल कोच फ्रैंक मेलिंडर का कहना है, 'स्माइल एक्सरसाइज आपके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालती है और आपको पूरी तरह एक पॉजिटिव पर्सनालिटी में ट्रांसफर कर सकती है। आपको कई हफ्तों तक इसकी प्रैक्टिस करनी चाहिए ताकि आगे चलकर यह आपके अवचेतन मन में बैठ जाए और आपकी पर्सनालिटी का हिस्सा बन जाए।'

**बढ़े कॉन्फिडेंस-मिले सक्सेस:** 'जर्नल ऑफ पर्सनालिटी एंड सोशल साइकोलॉजी' में विशेषज्ञों और मनोविज्ञानियों ने एक लेख लिखा है, 'इफेक्ट्स ऑफ सेल्फ जेनरेटेड फेशियल एक्सप्रेशंस।' इसमें कहा गया है कि जो लोग दिन में कई बार आदतन मुस्कुराते हैं, उनकी छवि एक सफल और आत्मविश्वासी इंसान की बन जाती है। मुस्कुराने वाले लोगों का प्रमोशन होने की संभावनाएं, उदास या गंभीर दिखने वाले लोगों से ज्यादा होती है।

**मिलती है खुशी:** एक शोध से यह भी पता चला है कि मुस्कुराने से खुशी मिलती है, ना कि खुश रहने वाले ज्यादा मुस्कुराते हैं। सच तो यह है कि अगर आप झूठ-मूठ भी मुस्कुरा दें तो आपका मूड अच्छा हो सकता है। इसलिए आप खुद मुस्कुराइए और दूसरों को भी मुस्कुराने को प्रेरित कीजिए।

स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# जब स्किन हो जाए टैन अपनाएं ये होम रेमिडीज



गर्मी के मौसम में सन टैनिंग की वजह से स्किन डल हो जाती है और फेस का अट्रैक्शन कम होने लगता है। टैनिंग दूर करने के लिए आप महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का यूज करती हैं, लेकिन कई बार केमिकल बेस्ड होने की वजह से ये स्किन के अनुकूल नहीं होते हैं। इससे कई प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। इनसे बचने के लिए आप कुछ होममेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं, जो सन टैनिंग से बचाने के साथ ही आपकी स्किन को सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बनाएंगे।

**नीबू का फेस पैक:** नीबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नीबू का रस, एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध को कटोरी में मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधे घंटे लगा रहने दें। बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा की रंगत निखारने का प्राकृतिक तरीका है। दूध में विद्यमान प्राकृतिक वसा और खनिज त्वचा को टोन करते हैं और मैग्नीशियम, कैल्शियम आदि त्वचा को पोषण प्रदान करते हैं। एक चम्मच चीनी और एक चम्मच नीबू के रस को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर आहिस्ता से स्क्रब कर लें और कुछ समय बाद साफ पानी से धो डालें। इस मिश्रण को आप हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं।



**पपाया फेस पैक:** पपीते का फेस पैक टैनिंग दूर करने में काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए पके पपीते का छिलका उतार कर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें। इसमें नीबू के रस की कुछ बूंदें मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर अपने आप सूखने दें। इसके बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें। इन दिनों उमस भरी गर्मी के मौसम में आप रोजाना लगा सकती हैं।

**खीरे का फेस पैक:** टैनिंग दूर करने और कूल इफेक्ट देने में खीरा बहुत प्रभावी है। खीरे का कट-अप स्लाइस आंखों पर रखने से आपको आराम मिलेगा। इसका फेस पैक आपकी स्किन को हाइड्रेट करता है। यह आपकी त्वचा की रंगत को भी निखारता है, क्योंकि इसमें ब्लीचिंग गुण होते हैं। इस बनाने के लिए खीरे का रस, थोड़ा गुलाब जल, थोड़ा सा नीबू का रस और एक रुई चाहिए। इस फेस पैक को बनाने के लिए पहले खीरे को कद्दूकस कर लें। उसमें गुलाब जल डालें और ऊपर से थोड़ा-सा नीबू का रस निचोड़ लें। इसे एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर एक कॉटन बॉल से समान रूप से लगाएं। इसे 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें। फिर ठंडे पानी से धो लें।

योगोपचार

हेतल शाह, योग एक्सपर्ट

उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं में अकड़न, शारीरिक दर्द, वीक बोंस समेत कई हेल्थ प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। इनसे बचाव के लिए जरूरी है कि आप कुछ आसनों का नियमित अभ्यास करें।

# मिड एज में हेल्थ प्रॉब्लम्स बचाव में कारगर योगासन

मिड एज और उसके बाद शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योगासन बहुत लाभकारी होता है। 40 की उम्र के बाद महिलाओं में कई तरह के हार्मोनल बदलाव आते हैं, जिसके कारण उनको स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अवसर पर हम आपको कुछ आसनों के बारे में बता रहे हैं, जिनके अभ्यास से इन रोगों से बच सकती हैं।



## भुजंगासन

**विधि:** इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। अपनी कोहनियों को कमर से सटाकर रखें और हथेलियां ऊपर की ओर रखें। अब धीरे-धीरे सांस भरते हुए, अपनी छाती को ऊपर की ओर उठाएं। उसके बाद अपने पेट को धीरे-धीरे ऊपर उठा लें। इस स्थिति में 30 सेकेंड तक रहें। अब सांस छोड़ते हुए, सिर को धीरे-धीरे जमीन की ओर वापस नीचे लाएं।

**लाभ:** भुजंगासन पीठ और रीढ़ को मजबूत करने, अकड़न को कम करने और शारीरिक मुद्रा में सुधार करने में मदद करता है। यह पेट के अंगों को भी उत्तेजित करता है और पीरियड्स की परेशानी को दूर करने में मदद करता है।

## पवनमुक्तासन

**विधि:** इस आसन को करने के लिए सीधे लेट जाएं और धीरे से सांस छोड़ते हुए पैरों को मोड़ते हुए अपने पेट के पास लाएं। पेट पर दबाव बनाएं कुछ इस तरह कि आप अपने आपको गले लगा रही हैं। ऐसा करते समय सामान्य गति से सांस लेती रहें और धीरे-धीरे आसन से बाहर आते हुए समान्य अवस्था में आ जाएं।



**लाभ:** बढ़ती उम्र में पाचन संबंधी समस्याओं में पवनमुक्तासन करना फायदेमंद है।

## त्रिकोणासन



**विधि:** इस योग को करने के लिए मैट पर सीधा खड़े होकर अपने दोनों पैरों को जितना हो सके दूरी पर रखें। फिर दोनों हाथों को कंधों की सीध में रखकर एक हाथ की अंगुलियों से उसी तरफ के पैर के अंगूठे को छूने का प्रयास करें। इस मुद्रा में दो-तीन मिनट रखने के बार पुनः पहली वाली अवस्था में धीरे-धीरे आ जाएं। इस प्रक्रिया को दूसरी ओर से भी इसी तरह दोहराएं।

**लाभ:** इससे शारीरिक अकड़न दूर होती है।

## ताड़ासन



**विधि:** इस आसन को करने के लिए सीधी खड़ी हो जाएं और पैरों को एक साथ रखें। अब हथेलियों को शरीर के पास रखें। गहरी सांस लेते हुए दोनों हाथों और शरीर को ऊपर की तरफ खीचें। इस स्थिति में 30-40 सेकेंड तक रुकें फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं। महिलाएं इस आसन को 3 मिनट तक कर सकती हैं।

**लाभ:** ताड़ासन करने से शरीर की मांसपेशियां स्ट्रेच होती हैं, रीढ़ का भी संतुलन बना रहता है। शारीरिक और मानसिक सेहत बेहतर रहती है।

प्रस्तुति: विधि गोयल

कुछ लोगों की आदत होती है, वे जो होते नहीं हैं उससे ज्यादा अपने आपको पेश करते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि कभी ना कभी तो उनकी वास्तविकता सामने आएगी ही। तब वह अपनी विश्वसनीयता खो देंगे।

# झूठी शेखी दिखाने की आदत बिगाड़ती है आपकी छवि

बिहेवियर

अनीता जैन



हम सब अकसर ऐसे लोगों से मिलते हैं, जो अपने बारे में बढ़ा-चढ़ाकर बताते हैं, खुद को अधिक योग्य या सफल दिखाने की कोशिश करते हैं। इसे ही आम बोल-चाल में 'झूठी शेखी बघारना' कहते हैं। हालांकि ऐसा करके कुछ लोग अपना आत्मविश्वास प्रदर्शित करते हैं, लेकिन व्यावहारिक नजरिए से देखें तो यह आदत आगे चलकर हानिकारक साबित होती है। यह आदत न केवल हमारे रिश्तों को खराब करती है, हमारी छवि भी बिगाड़ती है। इतना ही नहीं यह आदत हमारे आत्मविकास और मानसिक शांति को भी प्रभावित करती है। हमें इस सच को मानना चाहिए कि सच्चाई, ईमानदारी और विनम्रता ही ऐसे गुण हैं, जो किसी व्यक्ति को दीर्घकालीन सफलता और सम्मान दिलाते हैं। झूठी शेखी दिखाने की बुरी आदत से और भी कई नुकसान हैं-



**टूटता है भरोसा:** झूठी शेखी बघारने से सामने वाले व्यक्ति का भरोसा जल्दी टूट जाता है। एक बार जब लोगों को यह आभास हो जाता है कि आप सच नहीं बोलती हैं तो वे आपसे दूरी बनाने लगते हैं। व्यावसायिक जीवन में यह और भी खतरनाक हो सकता है।

**अवसर गंवाने की संभावना:** कई बार लोग झूठी शेखी में यह जताते हैं कि उन्हें किसी चीज की आवश्यकता नहीं है या वे पहले से ही बहुत जानकार हैं। ऐसे में वे नई बातें सीखने के अवसर गंवा देते हैं या मदद मिलने से वंचित रह सकते हैं।

**तनाव और आत्मग्लानि:** झूठी शेखी को बनाए रखने के लिए लगातार झूठ बोलना पड़ता है, एक झूठ को ढंकने के लिए दूसरा-तीसरा झूठ बोलना पड़ता है। यह मानसिक तनाव का कारण बनता है। कभी ना कभी जब सच्चाई सामने आती ही है, इससे व्यक्ति को शर्मिंदगी और आत्मग्लानि होती है।

**आत्मविकास में रुकावट:** अगर कोई व्यक्ति लगातार अपनी झूठी तारीफ करता है, वह अपनी कमियों को पहचान ही नहीं पाता। जब तक आप अपनी कमजोरियों को जानते, स्वीकारते नहीं हैं, तब तक आप अपने आप में सुधार नहीं कर सकते हैं। झूठी शेखी व्यक्ति के आत्मविकास में भी रुकावट बनती है।

## बिगड़ते हैं रिश्ते

**जब कोई** व्यक्ति बार-बार खुद की झूठी तारीफ करता है या असत्य बातों से खुद को श्रेष्ठ दिखाने की कोशिश करता है, तो वह दूसरों को नीचा भी दिखा सकता है। इससे मित्रता, पारिवारिक और पेशेवर रिश्ते बिगड़ते हैं। लोग धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति से दूर हो जाते हैं, जो हर समय खुद की बढ़ाई करता है।

## खबर संक्षेप

### युवाओं को नशे से दूर कर रही पुलिस : एसपी

**हांसी।** पुलिस द्वारा युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने व नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया गया विशेष अभियान लगातार सकारात्मक परिणाम दे रहा है। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के दिशा-निर्देशानुसार, हांसी पुलिस ने 27 गांवों के खेल स्टेडियम व ग्राउंड चिन्हित किए हैं, जहां स्पेशल पुलिस ऑफिसर को खेल प्रशिक्षकों के रूप में नियुक्त किया गया है। ये खेल प्रशिक्षक प्रतिदिन सुबह-शाम युवाओं को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दे रहे हैं और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिन स्टेडियमों में खेल सामग्री की आवश्यकता है, वहां पुलिस द्वारा आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम में केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि इस लोक अदालत में कोई भी इच्छुक व्यक्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों के निपटारे के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ करने वाला गिरफ्तार

**ओढां।** ओढ़ा पुलिस ने मेडिकल स्टोर में घुसकर तोडफ़ोड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कुलदीप सिंह निवासी ओढ़ा के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक गजराज सिंह ने बताया कि 14 जून 2025 को निर्मल सिंह पुत्र अजेब सिंह निवासी ओढ़ा ने शिकायत दी थी कि उसकी कालांवाली कैंचियों पर सिधु फार्मेसी मेडिकल नाम से दुकान है। दोपहर को आरोपी दुकान में घुसे तोडफ़ोड़ करते हुए उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### बॉक्सिंग के लिए जिला स्तरीय ट्रायल 18 को

**सिरसा।** खेल विभाग हरियाणा द्वारा राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला)-2025 का आयोजन 27 जून से 29 जून तक जिला पंचकूला में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए जिला स्तरीय ट्रायल 18 जून को शहीद भगत सिंह खेल परिसर सिरसा में आयोजित किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी जगदीप ने बताया कि प्रतिभागियों का चयन ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। ट्रायल के दिन खिलाड़ियों का वजन प्रातः 8:00 बजे से किया जाएगा। सभी खिलाडिय़ों को ट्रायल के समय अपने जिले से संबंधित दस्तावेज, जैसे रिहायशी प्रमाण पत्र एवं बिजली बिल/ ड्राइविंग लाइसेंस/ पासपोर्ट/ बैंक अकाउंट की प्रति अवश्य साथ लानी होगी।

# योग के महत्व पर चर्चा के साथ नशाखोरी के मुद्दे पर दी सशक्त प्रस्तुति

## महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में योग दिवस से पूर्व योग संगोष्ठी एवं मार्मिक नाटक का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी एवं मेडिकल कॉलेज के अधिकारी।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 के उपलक्ष्य में, हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के निर्देशन में महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा के ओपी जिंदल ऑडिटोरियम में भव्य एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग के महत्व पर चर्चा के साथ-साथ नशाखोरी जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दे पर एक सशक्त प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ 'योग संगोष्ठी' के साथ हुआ, जिसमें विशेषज्ञ वक्ताओं ने योग के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। डॉ. सुखबीर और डॉ. मोनिका बांगा ने योग को आधुनिक जीवनशैली से जोड़ते हुए इसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, डॉ. प्रज्ञा कौशिक और योग शिक्षिका निहारिका ने योग से जुड़े आम मिथकों और भ्रांतियों को दूर करते हुए योग के वैज्ञानिक आधार को समझाया। उन्होंने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा को संतुलित करने की एक समग्र जीवन पद्धति है। संगोष्ठी के उपरांत, प्रसिद्ध रंगकर्मी संजय सेठी द्वारा निर्देशित नाटक 'पापा कैच' का भाव-विभोर कर देने वाला मंचन किया गया। इस नाटक ने आज के समाज में नशे की गिरफ्त में पड़ते बच्चों और युवाओं की त्रासदी को अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक के पात्रों ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि कैसे नशे की लत परिवारों को तोड़ देती है और युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल देती है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व सांसद, जनरल (डॉ.) डीपी वत्स ने आयोजन की प्रशंसा की। इस अवसर पर महाविद्यालय की निदेशिका डॉ. अलका छाबड़ा और प्रशासनिक निदेशक डॉ. आशुतोष शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और योग को मेडिकल पाठ्यक्रम एवं दिनचर्या का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. मोनिका जैन, डॉ. अंजू यादव, डॉ. सीमा, डॉ. हरेंदर, डॉ. रोज, डॉ. अनीशा, डॉ. प्रियंका, डॉ. मोनिका, डॉ. इशिका, डॉ. दिव्या, डॉ. प्रमिला पांडे सहित अन्य प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में मेडिकल विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

**बरवाला।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद गायत्री शाखा बरवाला एवं भारतीय योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंडी मार्ग पर स्थित शहीद मदन लाल ढींगडा पार्क में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। भाविप शाखा बरवाला अध्यक्ष पवन शर्मा और सचिव राजेंद्र भट्ट ने बताया कि इस शिविर का शुभारंभ भारतीय योग संस्थान के जिला प्रधान दीपक मंगल, उपप्रधान राम अवतार बंसल, जिला मंत्री संजीव असीजा व तिलक गिरधर के साथ प्रांतीय गतिविधि संयोजक रामनिवास वर्मा, गायत्री शाखा बरवाला अध्यक्ष पवन शर्मा, सचिव राजेंद्र भट्ट व कोषाध्यक्ष मनीष गोयल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इन सभी अतिथियों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

## वनवासी कल्याण आश्रम के भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

# छात्रों ने जनजातीय नृत्य करके पूर्वोत्तर राज्यों की संस्कृति से करवाया परिचय

### छात्रों ने हरियाणवी, पंजाबी और जनजातीय संस्कृति से करवाया साक्षात्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार







हिसार। गुजवि में आयोजित वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते वनवासी छात्र व वनवासी कल्याण आश्रम के सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्यातिथि कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

वनवासी कल्याण आश्रम की हिसार इकाई द्वारा वनवासी छात्रों का स्वागत व भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित किए गए कार्यक्रम में दर्शकों को हरियाणवी, पंजाबी व जनजातीय संस्कृति में सामंजस्य देखने को मिला। वनवासी छात्रों की बेजोड़ प्रस्तुतियां देखकर दर्शक दंग रह गए। दर्शकों ने हर प्रस्तुति के उपरांत तालियां बजाकर छात्रों का उत्साहवर्धन भी किया। भिवानी में वनवासी कल्याण आश्रम के छात्रावास में अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा, असम, मेघालय व जम्मू-कश्मीर के विद्यार्थी शिक्षार्जन करते हुए देशभक्ति के संस्कार ग्रहण कर रहे हैं। इन सभी छात्रों को हरियाणा भ्रमण करवाया जा रहा है। हिसार पहुंचने पर इन छात्रों का मिलेनियम पैलेस में स्वागत-सत्कार हुआ और यहां तरणताल की सुविधा के साथ ही इनके नाश्ते की समुचित व्यवस्था रही। सायंकाल इन विद्यार्थियों में गुजवि के सभागार में अपनी प्रतिभा व कुशलता से रंग जमा दिया।

वनवासी कल्याण आश्रम के सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुजवि के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई मुख्यातिथि रहे और समाजसेवी राजेंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वनवासी कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख विजय कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में वनवासी कल्याण आश्रम के विविध आयामों से परिचय करवाया। इस दौरान वनवासी कल्याण आश्रम के प्रदेशाध्यक्ष रामबाबू सिंगल व प्रदेश सचिव रामनिवास अग्रवाल सीए का सान्निध्य रहा।

वनवासी छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान गणेश वंदना करते हुए नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

# कामकाजी भी उठा सकेंगे गुजवि के कोर्सों का लाभ : प्रो. बिश्नोई

■ बीटेक मेकेनिकल, बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग व बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के कोर्स शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एक खास पहल के तहत कामकाजी पेशेवरों के लिए बीटेक कार्यक्रम शुरू किए हैं। डिप्लोमा या उसके समकक्ष शैक्षणिक योग्यता वाले कामकाजी इन कोर्सों का लाभ उठा सकते हैं। इन कोर्सिज में बीटेक मेकेनिकल, बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग शामिल हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि कामकाजी पेशेवरों को उच्च शिक्षा के उद्देश्य से ये कार्यक्रम शुरू किए गए हैं ताकि उनके कौशल व क्षमता का पूर्ण प्रयोग हो सके। कामकाजी पेशेवरों के लिए ये कोर्स उनकी पदोन्नति तथा और बेहतर भविष्य के लिए भी लाभदायक हैं। कामकाजी पेशेवरों को इन कोर्सों का फायदा उठाना चाहिए। गुजवि में बीटेक मेकेनिकल कार्यक्रम पिछले दो वर्षों से सफलतापूर्वक चल रहा है। इस सफलता को देखते हुए अब बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं।

### प्रत्येक बीटेक कार्यक्रम में 30 सीटें



डीन एफईटी प्रो. संदीप आर्य ने बताया कि प्रत्येक बीटेक कार्यक्रम में 30 सीटें हैं। इन कोर्सों में दाखिले के लिए डिप्लोमा धारक या उसके समक्ष शैक्षणिक योग्यता के साथ कम से कम में एक वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए। दाखिला लेने वाले उम्मीदवार का कार्यक्षेत्र 75 किलोमीटर से अधिक नहीं होना चाहिए। इन कोर्सिज में दाखिले के इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए संबंधित विभाग व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# दयानंद कॉलेज हीरक जयंती के रूप में मनाएगा अपना 75वां स्थापना दिवस

### 21 व 22 जून को कॉलेज प्रांगण में होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दयानन्द महाविद्यालय, हिसार का 75वां स्थापना दिवस 'हीरक जयंती' के रूप में 21 व 22 जून को महाविद्यालय प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर महाविद्यालय की ओर से दो दिनों तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि समारोह में महाविद्यालय के 75 वर्षों के गौरवशाली इतिहास उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की ओर से 75 वर्षों की यात्रा व उपलब्धियां को संजोए हुए एक स्मारिका का प्रकाशन भी किया जाएगा। समारोह में महाविद्यालय की विकास यात्रा को प्रदर्शित करती एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्रों, प्राध्यापकों व कर्मचारियों को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा। अगले दिन 22 जून को पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी के सानिध्य में वैदिक भजन प्रस्तुति कार्यक्रम होगा, जिसमें आर्य समाज के जाने-माने भजनोपदेशक अपनी प्रस्तुतियों से महाविद्यालय प्रांगण को वैदिक ध्वनि से सराबोर करेंगे।

### पद्मश्री 'आर्यरत्न' डॉ. पूनम सूरी होंगी मुख्यातिथि

*महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि हीरक जयंती समारोह के मुख्य अतिथि डीएवी कालेज प्रबन्धनकत्री समिति दिल्ली के प्रधान पद्मश्री 'आर्यरत्न' डॉ. पूनम सूरी होंगे। समारोह में डीएवी कालेज प्रबन्धनकत्री समिति, दिल्ली के अन्य पदाधिकारी, क्षेत्र के गणमान्य महानुभाव, आर्य समाज के पदाधिकारी, महाविद्यालय के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र, पूर्व प्राध्यापक व वर्तमान विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य भाग लेंगे। समारोह का शुभारम्भ वैदिक यज्ञ के साथ होगा। यज्ञ के मुख्य यजमान पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी होंगे। सभी गणमान्य अतिथि व विद्यार्थी भी यज्ञ में भाग लेंगे। यज्ञ के पश्चात मुख्य समारोह महाविद्यालय के हंसराज हॉल में आयोजित होगा।*

# पार्षद रवि सैनी ने दिया शांति नगर पार्क की समस्याओं को दूर करने का आश्वासन



**हिसार।** वार्ड 8 में आने वाले शांति नगर पार्क की लम्बे समय से चली आ रही समस्याओं से अवगत करवाने के लिये आज प्रातः क्षेत्र के पार्षद रवि सैनी जमालपुरिया को पार्क में बुलाया गया। पार्षद रवि सैनी ने पार्क में उपस्थित पार्क विकास समिति के प्रधान अमित धमीजा व अन्य लोगों से पार्क की समस्याओं को जाना। बंसीलाल पठनेजा, संजय मुंजाल, लक्की, ओमप्रकाश, महेन्द्र पाल आदि ने पार्षद को बताया गया कि पार्क के झूले टूटे पड़े हैं। पूरे पार्क में एक भी डस्टबिन नहीं है। पीने के पानी का कोई प्रबंध नहीं है। घास लगाने की भी जरुरत है। पार्षद रवि सैनी ने समस्याएं सुनने के बाद कहा कि नगर निगम के अधिकारियों से बात करके जल्द ही सभी समस्याएं दूर करवाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछली हाऊस की बैठक में क्षेत्र में आने वाले चारों पार्कों में विकास कार्य करवाने के लिए लिखित में दिया हुआ है।

## मोहित अग्रवाल वैश्य समाज युवा इकाई फतेहाबाद के फिर बने जिला अध्यक्ष

**फतेहाबाद।** अग्रवाल वैश्य समाज फतेहाबाद के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के निर्देशानुसार प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला व बलराम गुप्ता, युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि गर्ग से विचार करते हुए मोहित गर्ग को एक बार फिर से युवा इकाई का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। मोहित गर्ग को युवा जिला अध्यक्ष नियुक्त करने पर समाज के समस्त सदस्यों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी और गर्ग की नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला महासचिव राजेश सिंगला एवं बलराम गुप्ता , रवि गर्ग व जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल का आभार प्रकट किया हैं। जिला अध्यक्ष मित्तल ने युवा जिला अध्यक्ष को जिला कार्यकारिणी गठित करने एवं प्रत्येक विधानसभा पर कार्यकारिणी बनाने के भी निर्देश दिए हैं।

# एसडीएम ने योग दिवस कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



सिरसा। अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम।

सडीएम अर्पित संगल ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में उपमंडल व खंड स्तर पर आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में योग दिवस की तैयारियों व योग प्रोटोकॉल अभ्यास बारे दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि 21 जून को उपमंडल व खंड स्तर पर योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटियां लगाई गई है, वे पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि 21 जून को डबवाली की मार्केट कमेटी बी-ब्लॉक में सुबह छह बजे खंड स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि डबवाली में आयोजित उपमंडल व खंड स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम के लिए सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी प्रोटोकॉल योग प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर डीएसपी कपिल अहलावत, नायब तहसीलदार रवि कुमार भी मौजूद रहे।



## ग्रामीणों को दी निःशुल्क कानूनी सहायता योजना की जानकारी

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला में चलाई जा रही कानूनी जागरूकता वैन सोमवार को गांव पंजुआना पहुंची। मोबाइल वैन के माध्यम से पैनल अधिवक्ता शारदा सहारण व पैरालीगल वॉलिंटियर मंगतू राम ने आमजन को कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों व मुफ्त कानूनी सहायता योजना, हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि मोबाइल वैन के माध्यम से प्राधिकरण के संदेश 'न्याय सबके लिए' को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित किया जा रहा है। यह वैन गांव-गांव जाकर आने वाली 12 जुलाई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में भी आमजन को जागरूक कर रही है। उन्होंने बताया कि जागरूकता शिविर में कृषि, समाज कल्याण, श्रम कल्याण, चुनाव व अन्य सरकारी-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

## मिशन निपुण अभियान के तहत चल रहे प्रशिक्षण शिविर में शिक्षकों से रूबरू हुए मंडलायुक्त अशोक गर्ग

# शिक्षक सोच व व्यवहार के बलबुते पर बच्चों के माध्यम से ला सकते हैं सकारात्मक बदलाव : अशोक गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

हिसार मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि समाज व देश के भविष्य के निर्माण में सबसे बड़ा योगदान अध्यापक समाज का है। वे अपनी सोच व व्यवहार के बलबुते पर बच्चों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव ला सकते है। मंडलायुक्त गर्ग सोमवार को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मिशन निपुण के तहत चल प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित प्राथमिक शिक्षकों के साथ संवाद कर रहे थे।



उकलाना। पौधरोपण करते हिसार मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग।

उन्होंने अध्यापको का आहवान किया कि वे शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ अपने व्यवहार व सोच के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण प्रेम, माता पिता की इज्जत, गरीब व असहाय लोगों का सहयोग, महिलाओं व बुजूर्गो के प्रति सम्मान, अंधविश्वास व गलत परम्पराओं का विरोध, अपनी मेहनत पर विश्वास, कर्तव्य व अधिकारों का प्रयोग आदि की भावनाओं का विकास करें। उन्होंने कहा कि समाज यह मानता है कि सही व गलत की वास्तविक जानकारी अध्यापक समाज को है इसलिए जैसा अध्यापक का व्यवहार व सोच होती है उसी के अनुरूप छात्र व समाज व्यवहार करता है। इससे पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी दलबीर सिंह ने मंडलायुक्त का प्रशिक्षण शिविर में पहुंचने पर स्वागत किया व खंड उकलाना की शैक्षणिक व सहमागी उपलब्धिओं की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया किया इस दूसरे दौर के शिविर में उकलाना खण्ड के 38 शिक्षकों के साथ-साथ अन्य जिलों के 35 शिक्षक भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर विद्यालय परिसर में मंडलायुक्त पौधरोपण कर अभियान की शुरुवात की गई। इस अवसर प्रिंसिपल डॉ. अर्जुन देव, मिशन निपुण के जिला प्रभारी मनोज गर्ग, खंड प्रभारी सत्यवान वर्मा, डाइट मात्रश्याम से प्रवक्ता राजेन्द्र शर्मा, मास्टर ट्रेनर उपेन्द्र सिंह, मंजुरानी, पूनम रानी, सुरेंद्र वर्मा, डॉ. दीपसिख, प्रवीन नैन, रेखा रानी, पूजा रानी, रेनू रानी, रंजूबाला आदि उपस्थित रही।*

**खबर संक्षेप**

## एसडीएम ने सुनी जन की समस्याएं

**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम राजेश खोथ ने आमजन की समस्याएं सीधे तौर पर सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे और लोगों की शिकायतों पर मौके पर ही कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

## आसमानी बिजली गिरने से भैंस की मौत

**उकलाना।** आसमानी बिजली गिरने से बुड़ाखेड़ा में किसानी की एक भैंस की मौत हो गई। किसान ने प्रशासन ने मुआवजा दिए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार गांव बुडाखेड़ा के दयाराम भादू ने ढाणी में भैंस को बांधा हुआ था। बारिश शुरू हो गई और बिजली चमकने लगी। किसान के अनुसार अचानक बिजली उसकी भैंस पर गिर गई जिससे मौके पर ही भैंस की मौत हो गई। प्रभावित परिवार ने प्रशासन से मदद की अपील की है।

## घर में घुसकर नाबालिगा से रेप का प्रयास

**आदमपुर।** आदमपुर खंड के एक गांव में घर में घुसकर नाबालिगा के साथ रेप करने के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत के आधार पर आरोपित को नामजद करते हुए उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं व पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में आदमपुर खंड के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। 15 जून को सुबह करीब नौ बजे वह अपने काम पर मजदूरी करने के लिए चला गया और उसकी पत्नी घास लाने के लिए चली गई। घर पर उसकी दो बेटियां अकेली थी।

## अधीक्षण अभियंता आज करेंगे सुनवाई

**हिसार।** बिजली निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आ के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वकांक्षी कार्य प्रारम्भ किए गए हैं ताकि उपभाक्ताओं की समस्याओं की त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। निगम एसई ओमबीर सिंह ने बताया कि निगम द्वारा हिसार फोरम के तहत आने वाले जि हिसार के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत की सुनवाई 17 जून को सुबह 11 से दोपहर 01 बजे तक अधीक्षण अभि ऑपरेशन सर्कल हिसार के कार्यालय में की जाएगी।

## संगठनों की बैठक आयोजित

**हिसार।** हरियाणा कम्बोज समाज, अन्य पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जातियों सहित अनेक सामाजिक संगठनों की बैठक हुई। हरियाणा कम्बोज सभा के पूर्व प्रदेश प्रेस सचिव देसराज कम्बोज की अध्यक्षता में पुराना गवर्नमेंट कॉलेज, मैदान स्थित शिरोमणि शहीद उधम सिंह की प्रतिमा के पास हुई बैठक में हकृवि में चल रहे आंदोलन व विद्यार्थियों के धरना बारे चर्चा हुई। बैठक में रमेश कम्बोज, सतनाम चंद, हरि कृष्ण कम्बोज, शिवकुमार ekStwn

### ऑनलाइन ट्रांसफर नीति पर पुनर्विचार करने तक जारी रहेगा आंदोलन

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का कर्मचारी यूनियन ने किया विरोध

आंदोलन की अध्यक्षता राज्य मुख्य संगठनकर्ता अशोक शर्मा ने की, जबकि मंच संचालन का कार्य प्रदेश उपप्रधान मनोज सैनी ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। विद्युत नगर में धरने पर बैठे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा मिड-सेशन में लागू की गई ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के विरोध में एचएसईबी वर्कर्स यूनियन द्वारा सोमवार को धरना प्रदर्शन के सातवें दिन विद्युत नगर में अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रखा गया।

इस आंदोलन की अध्यक्षता राज्य मुख्य संगठनकर्ता अशोक शर्मा ने की, जबकि मंच संचालन का कार्य प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान मनोज सैनी ने रूप से किया। यह नीति उस समय थोप दी गई जब कर्मचारियों के बच्चों के स्कूलों में दाखिले पूर्ण हो चुके हैं और शैक्षणिक सत्र आरंभ हो चुका है।

धरने का संबोधित करते हुए राज्य महासचिव यशपाल देशवाल ने बताया कि एमडी के दिए नोटिस में लिखा कि जब तक मुख्य प्रशासक (हिसार) द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर नीति पर पुनर्विचार नहीं किया जाता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

साथ ही, यह मांग भी रखी गई कि यूनियन और निगम प्रबंधन के बीच वार्ता होने तक किसी भी कर्मचारी को जबरन रिलीव न किया जाए। यदि ऐसा हुआ, तो आंदोलन और अधिक उग्र रूप लेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी।

### यह रहे उपस्थित

धरने पर कर्मचारी नेता विजयपाल जाखड़, राजेश शर्मा, जसवंत सिंह चौहान, सतेन्द्र सहारण, अनिल पहल, वीरेंद्र गोयत, राजा शामदो, मलकीत सैनी, दलबीर श्योराण, सतिंदर मोंगा, राजेश आशन, विकास नेहरा, साधु राम, संजय सांगवान, शमशेर सिंह, राजमंदिर, शमशेर सिंह टोहाना, अनिल, सोनू, रामनिवास आदि उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

- मिड-सेशन ट्रांसफर पॉलिसी को तत्काल रद्द किया जाए।
- सभी कर्मचारियों को समान आधार पर स्थानांतरण का अवसर मिले।
- ब्लॉक की गई सभी पोस्टों को तुरंत अनब्लॉक किया जाए।
- अफसरशाही के दबाव में तैयार की गई "चहेतों की सूची" की निष्पक्ष जांच करवाई जाए।
- एएलएम/एलएम/एफएम को उनके गृह सर्कल में उपलब्ध रिक्त पदों पर तैनात किया जाए।

### यूनियन की प्रमुख आपत्तियां

- निगम द्वारा 27 कर्मचारियों को ट्रांसफर से छूट दी गई, जो वरिष्ठ अधिकारियों के 'चहेते' माने जाते हैं, यह खुला भेदभाव और भाई-भतीजावाद का प्रतीक है।
- हिसार ज़ोन की लगभग सभी पोस्ट जानबूझकर ब्लॉक कर दी गईं, जिसके परिणामस्वरूप यहां के कर्मचारियों को 200–300 किलोमीटर दूर स्थानांतरित किया गया।
- कई कर्मचारियों को पारिवारिक जीवन से दूर अन्य जिलों में तैनात कर मानसिक, सामाजिक और आर्थिक तनाव दिया गया।

# खाटू वाले श्याम तेरा सच्चा दरबार, तेरी जय-जयकार सुनकर झूमे श्रद्धालु

- संकीर्तन के लिए बीड़ बबरान धाम में सजाया श्याम बाबा का भव्य दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। बीड़ बबरान धाम में संकीर्तन के दौरान सजा हुआ श्याम बाबा का दरबार।

महाभारतकाल की याद दिलाने वाले बीड़ बबरान धाम में धूमधाम से संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन के लिए श्याम बाबा के दरबार को सजाकर भव्य स्वरूप दिया गया।

बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने श्याम बाबा की पूजा व आराधना करते हुए पूरे विधि-विधान से संकीर्तन की शुरुआत की। इस दौरान भक्तों ने श्याम बाबा के दरबार में अर्जी लगाकर अपने कष्टों के निवारण की कामना की।

संकीर्तन के दौरान गायकों ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करके समां बांध दिया। खाटू वाले श्याम तेरा सच्चा दरबार, तेरी जय-जयकार भजन सुनकर श्रद्धालु झूमने लगे। संकीर्तन में भक्तों को सात्विक प्रसाद का वितरण भी किया गया।

इस दौरान विनय शर्मा ने कहा कि श्याम बाबा की पूजा व आराधना पुण्य फलदायी है और श्याम बाबा सच्चे भक्तों से बड़ी जल्दी प्रसन्न होते हैं।

इसलिए सच्चे मन से मांगी गई मुराद व दरबार में लगाई गई अर्जी अवश्य स्वीकार होती है।

# स्वास्थ्य विभाग ने जिले में किया स्टॉप डायरिया कैंपेन का शुभारंभ

- 392 एएनएम, 119 सीएचओ एवं 1387 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की विशेष टीम गठित
- 31 जुलाई तक चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार से "स्टॉप डायरिया कैंपेन का शुभारंभ किया गया है, जो 31 जुलाई तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों में होने वाली डायरिया बीमारी से बचाव और रोकथाम सुनिश्चित करना है। सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत ने बताया कि जिले में हर साल 5 साल से कम आयु के लगभग 5-6 प्रतिशत बच्चों की मृत्यु का मुख्य कारण डायरिया ही होता है। ऐसे में बच्चों की जान बचाने के लिए यह अभियान अत्यंत आवश्यक है। जिला स्तर पर इस विशेष अभियान के अंतर्गत डायरिया की रोकथाम को लेकर बड़े पैमाने पर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसके साथ ही ओआरएस घोल और जिंक की गोली की निर्धारित मात्रा प्रत्येक पात्र घर में वितरित की जाएगी, जहां 5 वर्ष तक की आयु के बच्चे हैं। इस कार्य के लिए 392 एएनएम, 119 सीएचओ एवं 1387 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की विशेष टीम गठित की गई है। अभियान के दौरान प्रत्येक हेल्थ सब सेंटर पर ओआरएस-जिंक कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे, जहां पर लोगों को बच्चों में डायरिया के लक्षण पहचानने और इलाज संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी जाएगी।

### 1,71,102 बच्चों को किया जाएगा कवर

नोडल अधिकारी डॉ. तरुण ने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1,71,102 बच्चों को इस अभियान में कवर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन को चाहिए कि वे अपने बच्चों में डायरिया के लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से तुरंत संपर्क करें और घर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

## उपमंडल परिसर में करंट लगने से एक युवक की मौत



मनजीत

**नारनौंद।** भारी बारिश के कारण उपमंडल परिसर में पानी भर गया। इसके कारण वहां पर लगे एक लोहे के पोल में करंट आ गया। वकील के पास काम करने वाला एक युवक केबिन से बाहर निकल रहा था तो उसका हाथ उसे पोल से लग गया और करंट लगने के कारण मौके पर ही युवक की मौत हो गई। वकील सुनील परिहार ने बताया कि बारिश के कारण उप मंडल परिसर में पानी भर गया था जिसके कारण वह तीन बजे ही अपने घर चला गया था। उसके साथ काम करने वाले सहायक मनजीत करीब चार बजे जब अपने घर जाने लगा तो उसने केबिन को अच्छी तरह से बंद किया और वहीं पर एक लोहे का पोल लगा हुआ था। मनजीत का पैर फिसल गया और पास ही लगे पोल से उसका हाथ लगा तो उसमें करंट था। करंट लगता ही मनजीत पानी के अंदर गिर गया वहां पर खड़ी एसडीएम की गाड़ी को बुलाकर तुरंत ही उसको वहां से अस्पताल में ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

# 11 साल में पीएम ने ऐतिहासिक कार्य कर देश को ऊंचाइयों पर ले जाने का किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी को गुलदस्ता भेंट करते अजय सिंधु व अन्य।

नारनौंद विधानसभा के बास मंडल, नारनौंद मंडल एवं सिसाय मंडल में सोमवार को संकल्प से सिद्धि तक की यात्रा के अंतर्गत एक भव्य, प्रेरणादायक एवं जनसहभागिता से परिपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी द्वारा 11 सालों के दौरान करवाई कार्यों की चर्चा भी गई। सिसाय मंडल की मीटिंग की अध्यक्षता विधायक विनोद भयाना ने की। नारनौंद और बासमंडल में जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, भाजपा नेता अजय सिंधु और जिला परिषद के अध्यक्ष सोनू डाटा पहुंचे। विधायक भयाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और अंत्योदय की भावना से गत 11 वर्षों में देश ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित की हैं। इसी क्रम में विकसित भारत के अमृत काल में इस विशेष आयोजन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का संकल्पपूर्वक प्रचार-प्रसार करने का निश्चय किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित, सशक्त और वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के पावन लक्ष्य में अपना सक्रिय योगदान देंगे।

# 'सर्जन्स डे' पर वॉकथॉन और साइक्लोथॉन का आयोजन

- कआदमपुर निवासी नरसिंह ने 50 किमी साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। सम्मानित करते रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक नरसिंह व साक्षी मलिक।

करनैल सिंह स्टेडियम से उत्तर रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एनआरएसए), सर्जन एसोसिएशन ऑफ इंडिया दिल्ली चैप्टर एवं कॉनकोर के तत्वावधान में स्वस्थ और हरित भारत की दिशा में सीसीसी साइक्लिंग क्लब द्वारा 'सर्जन्स डे' के अवसर पर प्रस्तुत वॉकथॉन एवं साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक हिसार के आदमपुर निवासी नरसिंह ने 50 किमी साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाई और 5 किमी व 10 किमी वॉकथॉन में भाग लिया। इस 50 किमी के साइक्लोथॉन का रूट इंडिया गेट, प्रगति मैदान टनल, अक्षरधाम, गाजीपुर बॉर्डर, शिप्रा मॉल रहा। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने समर कैंप में बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर ओएसडी/एनआरएसए 'पद्मश्री' साक्षी मलिक एवं जनरल सचिव, एनआरएसए और सीआरएसई, सीएचजी कौस्तुभ मणि भी उपस्थित रहे।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मांगों को पूरा करे सरकार : रामफल

- हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की बैठक सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में जिला प्रधान रामफल शिकारपुर की अध्यक्षता में हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए रामफल शिकारपुर ने कहा कि हरियाणा सरकार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मांगों के समाधान को लेकर गंभीर नहीं है इसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर आगामी 9 जुलाई को होने वाली हड़ताल में सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। बैठक में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों के धरने का समर्थन किया गया और सरकार से उनकी मांगों का समाधान की अपील की गई। बैठक में ईश्वर मुवाल, बलवान राजली, बारु राम,रोशन लाल, सुनील कुमार आजाद नगर, हरिओम धारीवाल, अजीत सिंह विकास भी मौजूद रहे।

# हर समस्या का संवेदनशीलता से संज्ञान लें

- समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनी आमजन की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर समाधान किया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे, जिन्होंने परिवार पहचान पत्र, पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड, भूमि पंजीकरण, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा से संबंधित मुद्दों पर उपायुक्त के समक्ष अपनी शिकायते रखीं। इस पर उपायुक्त अनीश यादव ने कई मामलों में तत्काल समाधान की प्रक्रिया शुरू करवाई और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे हर समस्या का संवेदनशीलता से संज्ञान लें और लोगों की समस्या का शीघ्र समाधान करना सुनिश्चित करें।

### यह रहे उपस्थित

समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा, नगराधीश हरिराम, जिला परिषद के सीईओ हरबीर सिंह, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, नगर निगम एएमसी प्रदीप कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### फर्जी फर्म बनाकर 60 लाख की ठगी का आरोप

समाधान शिविर में हिसार की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी मंजीत सिंह की फर्जी फर्म बनाने एवं लगभग 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपियों पर कार्रवाई करने से संबंधित शिकायत पर उपायुक्त अनीश यादव ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सेक्टर 13 निवासी जसवंत राय की एक अस्पताल एवं ब्लड बैंक द्वारा आयुष्मान योजना में फर्जी बिल जमा करवाने से संबंधित शिकायत पर उपायुक्त अनीश यादव ने सिविल सर्जन को मामले की जांच कर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### फीस जमा कराने पर भी नहीं किया इंतकाल

सेक्टर 9-11 निवासी वीना खुराना की रजिस्ट्री उपरांत इंतकाल की फीस जमा करवाने पर भी इंतकाल नही होने

# जय श्रीश्याम मंडल ने सक्षम यशु बंसल को किया सम्मानित



हिसार। सक्षम जिंदल को सम्मानित करते जय श्रीश्याम मंडल के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ !हिसार

पूरे भारत में जेईई परीक्षा में सक्षम जिंदल ने द्वितीय स्थान पाकर हरियाणा प्रदेश व हिसार वासियों का नाम रोशन किया है। ऐसे होनहार विलक्षण प्रतिभा के धनी सक्षम जिंदल को जयश्री श्याम मंडल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही यशु बंसल को आईआईटी में चयन होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल के प्रधान हुनेश्वर गोस्वामी, गोबिंद असीजा, राजेश शर्मा, प्रवेश बंसल, अमित अग्रवाल, डॉ. उमेश जिंदल, सूरजभान बंसल आदि मौजूद रहे।

### 13 क्विंटल 75 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक का सामान किया जब्त

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

- निगम टीम ने करीब 15 दुकानें और 5 गोदामों पर की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार





हिसार। मौके पर मौजूद अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल तथा सिंगल प्लास्टिक जब्त करके ले जाती नगर निगम की टीम।

नगर निगम प्रशासन ने सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर सोमवार को बड़े स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया और कई स्थानों पर छापेमारी की। निगम टीम ने इस दौरान लगभग 13 क्विंटल 75 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक का सामान और सिंगल यूज पॉलीथीन जब्त किया गया। अतिरिक्त आयुक्त चेतल ने नेतृत्व में टीम ने नई सब्जी मंडी के सामने गोदाम व दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान सचिव राहुल सैनी भी मौजूद रहे। इस दौरान लगभग 15 दुकानें और 5 गोदामों से सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामान और सिंगल यूज पॉलीथीन जब्त किया गया। इसके बाद टीम नई सब्जी मंडी के अन्दर पहुंची। इस दौरान लगभग 5 जगह से सिंगल यूज पॉलीथिन जब्त किया गया। इसके बाद टीम ग्रीन स्क्वेयर मार्केट गोदाम पर पहुंची। यह गोदाम 3 मंजिला था। जिसमें भारी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक का सामान मिला। इसके बाद टीम ने गोबिंदगढ़ बाजार से सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामान व सिंगल यूज पॉलीथीन जब्त किया। इस दौरान एएसआई राहुल सैनी, एएसआई संदीप बिश्नोई सहित तहबाजारी टीम मौजूद रही।

### अतिरिक्त आयुक्त ने की अपील

अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने दुकानदारों से अपील की वे 120 माईक्रोन से कम के पॉली बैग का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक और सिंगल यूज पॉलीथीन स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। उन्होंने दुकानदारों व आमजन को बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक हैं।

### सफाई नहीं करने पर चालान काटने के आदेश

इस दौरान ग्रीन स्क्वेयर मार्केट में पार्टी हाल के बाहर सड़क पर कचरा व गदंगी फैलाई हुई थी जिसको लेकर अतिरिक्त आयुक्त शालिनी ने पार्टी हाल के संचालक से साफ-सफाई करवाने को लेकर एएसआई को निर्देश दिए।

### जुर्माना भी वसूला जाएगा

दुकानदार व थोक विक्रेता अगले 7 दिन में सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामान व सिंगल यूज पॉलीथीन वापिस कर दें अन्यथा सामान को जब्त के साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा।

नीरज, निगमायुक्त।